संपादकीय

# रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली' जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी।

मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है?

हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।

कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं।

तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

# 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत

## विराट कोहली ने दौड़कर अनुष्का शर्मा को लगाया गले



भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की. इस शानदार मैंच के कई सारे फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वारल हो रहे हैं, लेकिन एक वीडियो पर हर किसी की नजर टिकी रह गई और वो थी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की.

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की. इस जीत के बाद विराट कोहली का अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक खास पल कैमरे में कैद हो गया. जैसे ही भारत ने ट्रॉफी जीती, कोहली तेजी से स्टैंड्स की ओर दौड़े और अनुष्का को गले लगा लिया. ये पल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और फैंस के लिए यादगार बन गया. दोनों की खुशी देखते ही बन रही थी, वहीं टीम इंडिया ने चमचमाती ट्रॉफी उठाकर जश्न मनाया.

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कोहली को अनुष्का को गले लगाते हुए देखा जा सकता है. ये खुशी भरा इमोशनल पल स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की जोरदार तालियों और जयकारों के बीच हुआ. इस ऐतिहासिक जीत के बाद बॉलीवुड और खेल जगत के सितारों ने भी सोशल मीडिया पर बधाइयों की बौछार कर दी. इससे पहले, जब फाइनल मैच के दौरान विराट कोहली आउट हुए, तो अनुष्का शर्मा का रिएक्शन वायरल हो गया था. इस दौरान वो काफी निराश नजर आईं.

**विराट ने अनुष्का को लगाया गले**

फैंस ने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर उनकी फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'विराट कोहली के आउट होने पर न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों और भारतीय फैंस का रिएक्शन- अनुष्का भी मायूस हो गईं'. ये मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया, जो ऐतिहासिक मैचों के लिए मशहूर है. ये फाइनल भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए बेहद खास थी. उन पर जबरदस्त दबाव था, क्योंकि कयास लगाए जा रहे थे कि अगर भारत हारता है, तो ये उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है.

**भारत चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया**

हालांकि, उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए 83 गेंदों में 76 रन बनाए. इस पारी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले वनडे कप्तान बनने का गौरव हासिल किया. साथ ही, वे लगातार दो ICC ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बन गए और तीन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाले इकलौते कप्तान बन गए. इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारत ने न सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, बल्कि क्रिकेट इतिहास में खुद को एक बार फिर सबसे ताकतवर टीमों में शुमार कर लिया.

## मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी, मुनाफा 3,500 करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली**

देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढक़र 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था।

अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढक़र 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था।

दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढक़र 35,163 करोड़ रुपये हो गया है।

स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढक़र 3,525 करोड़ रुपये हो गया।

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढक़र 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है।

कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है।

मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे।

मारुति सुजुकी ने तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में 4,66,993 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 4,29,422 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी ने 99,220 वाहनों का निर्यात भी किया, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक निर्यात है। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 71,785 वाहनों का निर्यात किया था।

## ऑटिस गिब्सन बने केकेआर के सहायक कोच

**नईदिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ऑटिस गिब्सन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के लिए अपना सहायक कोच बनाया है। वह रयान टेन डेशकाटे की जगह लेंगे, जो अब भारत के सहायक कोच हैं।

गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं। इससे पहले केकेआर ने ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटॉर बनाया था। टीम के मुख्य कोच अभी भी चंद्रकांत पंडित हैं, जबकि बी अरूण, चार्ल क्रो और नेथन लीमॉन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य हैं। गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं।

## सेबी ने इनसाइडर ट्रेडिंग उल्लंघन के लिए नेस्ले इंडिया को जारी की चेतावनी

**मुंबई**



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के उल्लंघन को लेकर एफएमसीजी प्रमुख 'नेस्ले इंडिया' को प्रशासनिक चेतावनी जारी की है। इस बारे में कंपनी ने शुक्रवार को एक्सचेंजों को जानकारी दी।

सेबी के उप महाप्रबंधक द्वारा जारी की गई चेतावनी कंपनी के अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) को भेजी गई थी। नेस्ले इंडिया ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में खुलासा किया कि कंपनी को 6 मार्च, 2025 को सेबी का पत्र मिला।

कंपनी के भीतर एक नामित व्यक्ति द्वारा यह उल्लंघन किया गया था। हालांकि, कॉफी और चाय निर्माता ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे का उसके वित्तीय, परिचालन या दूसरी बिजनेस एक्टीविटीज पर कोई असर नहीं पड़ता है।

सेबी के अनुसार, उल्लंघन में कॉन्ट्रा ट्रेड शामिल था। ऐसा तब होता है जब कोई इनसाइडर शॉर्ट-टर्म प्रॉफिट के उद्देश्य से उसी सुरक्षा में पिछले लेनदेन के छह महीने के भीतर शेयर खरीदता या बेचता है।

सेबी के नियम अनपब्लिश्ड प्राइस सेंसिटिव इंफोर्मेशन का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए इनसाइडर और उनके रिश्तेदारों के लिए इस तरह का ट्रेड करने पर सख्ती से रोक लगाते हैं। छह महीने की प्रतिबंध अवधि की गणना प्रारंभिक लेनदेन की तारीख से की जाती है।

चेतावनी के बावजूद, नेस्ले इंडिया के शेयर ने बाजार में अच्छा प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कंपनी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2 प्रतिशत से अधिक बढक़र 2,245.80 रुपये पर पहुंच गया।

इस बीच, एफएमसीजी कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025) की तीसरी तिमाही में अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही) की समान अवधि में 655 करोड़ रुपये की तुलना में 688 करोड़ रुपये रहा।

## धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल से पहले 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को किया याद

**नई दिल्ली**

पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल से पहले भारत की 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को याद किया और कहा कि मैन इन ब्लू को तीसरी बार फाइनल में प्रवेश करते हुए देखकर उन्हें प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाने के सम्मान की याद आ गई।

धवन, जिन्होंने 2010 से 2022 तक 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद पिछले साल अगस्त में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, दो चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में खेले हैं, पहला भारत का ट्रॉफी-देने वाला 2013 अभियान और फिर 2017 में जब वे निर्णायक मैच में पाकिस्तान से हार गए थे।

धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, एक अविस्मरणीय जीत, 2013 की यादें अभी भी ताजा हैं। लडक़ों को फाइनल में प्रवेश करते हुए देखकर, मुझे उस ट्रॉफी को उठाने की खुशी और सम्मान की याद आ रही है। उस पल को फिर से जीने के लिए, एक बार फिर इतिहास लिखे जाने के लिए। टीम को शुभकामनाएं, इसे घर ले आओ!

जबकि भारत ने बिना हारे सीधे फाइनल में प्रवेश किया है, उनके रन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिलचस्प मोड़ लिया, जो ग्रुप ए में शीर्ष स्थान के लिए प्लेऑफ था, धवन ने टीम में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल करने की सराहना की।

पिछले हफ्ते दुबई में दोनों टीमों के बीच ग्रुप ए के मुकाबले में, जिसे भारत ने 44 रनों से जीता था, वरुण चक्रवर्ती ने अपनी विविधताओं से उन्हें चकमा दिया और 5-42 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में, उन्होंने पहले पावर-प्ले में खतरनाक ट्रैविस हेड सहित दो विकेट लिए।

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार क्रिकेट खेला है ... (लेकिन) प्रतियोगिता के बीच में खिलाडिय़ों में बदलाव के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण आया। मुझे वरुण चक्रवर्ती जैसे अतिरिक्त स्पिनर को लाने का उनका कदम पसंद आया - यह गेम चेंजर रहा और कप्तान तथा कोचों का शानदार फैसला था।

धवन ने आईसीसी से कहा, उन्होंने भारत को और अधिक संतुलित टीम बनाया है, खासकर धीमी और टर्निंग पिचों पर। वरुण के हाथ से गेंद को पकडऩा बहुत मुश्किल है और इससे भारत को वास्तविक बढ़त मिली है, इसलिए उन्होंने अधिक दबदबा बनाना शुरू कर दिया है।

## गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात टाइटन्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया है।

वेड कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे। गुजरात टाइटन्स ने एक्स पर पोस्ट किया, चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड!

37 वर्षीय वेड 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में जीटी की खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य थे और फिर 2024 में, जहां उन्होंने केवल तीन मैच खेले। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने 15 आईपीएल मैच खेले हैं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल मेगा नीलामी का हिस्सा नहीं थे।

वेड ने पिछले साल अक्टूबर में 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से ज्यादा मौकों पर खेल चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर मौके उन्होंने दो सफेद गेंद वाले फॉर्मेट में खेले हैं। टी20 विश्व कप 2021 के विजेता ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है।

आईपीएल का आगामी संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा, जिसमें गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सीजन के पहले मैच में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। टाइटन्स अपने अभियान की शुरुआत 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने घरेलू मैदान में पंजाब किंग्स के खिलाफ करेंगे।

टाइटन्स ने पिछले साल मेगा नीलामी में 25 सदस्यीय मजबूत टीम बनाई है, जिसमें दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, इंग्लैंड के जोस बटलर, भारत के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, अफगानिस्तान के राशिद खान, तमिलनाडु के साई सुदर्शन, हरियाणा के राहुल तेवतिया और तमिलनाडु के शाहरुख खान फ्रेंचाइजी के रिटेन किए गए खिलाड़ी थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए।

**वृष:** आज ऑफिस में एक्स्ट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पडऩे से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे।

**मिथुन:** आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है।

**कर्क:** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

**सिंह:** आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है।

**कन्या:** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी।

**तुला:** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है।

**धनु:** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए।

**मकर:** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**कुंभ:** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

**मीन:** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे।

## टॉलीवुड डेब्यू फिल्म जटाधारा से सोनाक्षी सिन्हा का 'पावरफुल' फर्स्ट लुक आउट



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने खास अंदाज में महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी ने अपनी आगामी तेलुगु डेब्यू फिल्म जटाधारा से फर्स्ट लुक जारी किया है और सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. सोनाक्षी के अलावा करीना कपूर, कियारा आडवाणी ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं.

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही फिल्म जटाधारा से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं. मेकर्स ने सोनाक्षी सिन्हा को टैग करते हुए 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर उनका पहला लुक पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा है, इस महिला दिवस पर जटाधारा में स्ट्रेंथ और पावर उभर रहा है. सोनाक्षी सिन्हा का स्वागत है.

मेकर्स ने सोनाक्षी का शानदार पोस्टर जारी किया है. पोस्टर में सोनाक्षी काफी अलग अवतार में नजर आ रही हैं. वह खुले बाल, लंबे नाखून, भारी गहने और चूड़ियां पहनी नजर आ रही हैं. बोल्ड मेकअप, काजल से सजी आंखें और काली बिंदी उनके उग्र अवतार को दर्शा रही हैं. सोनाक्षी का ये अवतार उनके रहस्यमयी और पावरफुल महिला के अवतार को दिखा रही है.

फर्स्ट लुक पर सोनाक्षी के पति जहीर इकबाल और बेस्ट फ्रेंड हुमा कुरैशी का रिएक्शन सामने आया है. जहीर ने पोस्ट पर फायर वाला इमोजी छोड़ा है. वहीं, हुमा ने सोनाक्षी की तारीफ करते हुए फैबुलस कहा है.

## ध्रुव विक्रम ने बाइसन के पहले लुक में अपना एथलेटिक साइड दिखाया




ध्रुव विक्रम की आगामी फिल्म बाइसन के निर्माताओं ने बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। नीलम स्टूडियो के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने इस रोमांचक स्पोर्ट्स ड्रामा का पहला लुक जारी किया है।

पोस्टर में ध्रुव विक्रम को दो अलग-अलग लुक में दिखाया गया है। हालांकि, इन दोनों अवतारों में नायक को एथलेटिक बॉडी के साथ दिखाया गया है।

अपने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर करते हुए ध्रुव विक्रम ने लिखा, बाइसन। फर्स्ट लुक। बेबाक। अडिग। अदम्य।

प्रशंसित मारी सेल्वराज द्वारा निर्देशित इस प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम एक कबड्डी खिलाड़ी की भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन भी हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और जुनून, लचीलापन और सभी बाधाओं के खिलाफ जीत की एक मनोरंजक कहानी पेश करती है।

## केले के छिलकों को न करें फेंकने की गलती, स्किन की इन समस्याओं में है कारगर

केले खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला खाने से त्वचा को भी कई फायदे होते हैं. लेकिन, क्या आपको पता हैं कि केले का छिलका भी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है. कई लोग केले के छिलके का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाते हैं. इससे त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं. केले के छिलके को चेहरे पर लगाने से मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है. इसके छिलके का इस्तेमाल करने से त्वचा जवान और खूबसूरत दिखती है. ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं चेहरे पर केले का छिलका रगडऩे के फायदों के बारे में.

**केले के छिलके को चेहरे पर लगाने के फायदे**

**झुर्रियां कम करने में मददगार**

केले खाना बेहद फायदेमंद माना जाता है. अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या है तो आपको चेहरे पर केले का छिलका जरूर लगाना चाहिए. केले का छिलका लगाने से झुर्रियां कम हो जाती हैं. इससे त्वचा जवां और चमकदार दिखती है. केले के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं. इसे चेहरे पर लगाने से बढ़ती उम्र के लक्षण कम होते हैं.

**मुंहासों से छुटकारा दिलाने में मददगार-** अगर आप अपने चेहरे पर मुंहासों की समस्या से परेशान हैं, तो आप केले के छिलके का इस्तेमाल कर सकते हैं. केले के छिलके को चेहरे पर लगाने से मुंहासों की समस्या से राहत मिल सकती है. केले के छिलकों में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं.

**दाग-धब्बे से छुटकारा दिलाने में मददगार-** अगर आप कुछ दिनों तक केले के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो इससे आपको दाग-धब्बों से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी. अगर आप दाग-धब्बों या काले धब्बों से परेशान हैं तो केले का छिलका रामबाण इलाज हो सकता है. केले के छिलके में विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है, जो त्वचा पर काले धब्बों को हल्का करने में मदद करता है. केले के छिलके का रंग निखारने से त्वचा की चमक बढ़ती है.

## शब्द सामर्थ्य- 350

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | ■ | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.349 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |